हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026



11 देवभोग में पहली बार हुआ एरो मॉडलिंग ...





12 आजादी के 78 साल बाद कमार बस्ती केबडीझोरखी..







आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
फोन : 9893744470

बेचना है।
मारूति सुजुकी आल्टो
मॉडल- 2016
शानदार कंडीशन में।
फिक्स रेट
2 लाख 10 हजार
संपर्क करें-
Mo. 7987124123


## मरीज का इलाज जिला अस्पताल में जारी

# खाट पर मरीज को लाद कर 17 किमी की पदयात्रा की, एंबुलेंस सेवा कागजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के पहाड़ी पर बसे ग्रामों में आज आजादी 79 वर्षों बाद सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को इलाज के लिए 15 से 20 किमी की दूरी पैदल तय करने के बाद मरीज को उल्टे खाट पर बिठाकर या फिर लकड़ी का कांवर बनाकर अस्पताल तक इलाज के लिए लाना पड़ता है। समय पर अस्पताल तक मरीज पहुंच गया तो ठीक, नहीं तो दम तोड़ देते हैं। यह स्थिति वर्षों से बनी हुई है। लेकिन इस समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया है।

बुधवार को फिर एक मरीज को पहाड़ी ऊपर के गांव से कांवर के जरिये 17 किमी पैदल कुल्हाड़ीघाट तक लाया गया। यहां पहुंचने पर जब मरीज के लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हुई तो



परिजनों ने प्राइवेट वाहन मैनपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मरीज का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मुख्यालय मैनपुर से 18 किलोमीटर दूर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का गोद ग्राम ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कई बार विधानसभा में उठाया मुद्दा

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने बताया मेरे विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में पहुंचने के लिए आज तक पक्की सड़क नहीं है। कई बार इस मामले को विधानसभा में उठाया गया है। वहीं जिले के आला अफसरों को भी अवगत कराया जा चुका है। लेकिन भाजपा सरकार में भेदभाव किया जा रहा है।

### धरातल पर नहीं हुआ काम

जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा इस आदिवासी क्षेत्र की ग्रामीण लगातार सड़क बिजली स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एक तरफ सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है दूसरे तरफ धरातल में कुछ भी नहीं है।

## जमीन फर्जीवाड़ा मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र से जुड़े जमीन धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी अनुसार तहसील अभनुर ग्राम पचेड़ा स्थित खसरा नंबर 70, रकबा 1.60 हेक्टेयर जमीन वर्ष 2023-24 के राजस्व अभिलेख में विष्णु प्रसाद मंडल के नाम दर्ज थी। आरोपी नंप.माना का पूर्व पार्षद मनोरंजन मंडल ने फर्जी वंशावली तैयार कर विष्णु प्रसाद मंडल को अपना पिता दर्शाते हुए जमीन का अवैध रूप से अपने नाम नामांतरण करा लिया। इसके बाद आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जमीन के हिस्से बांटकर अन्य लोगों के नाम भी नामांतरण कराया और धोखाधड़ी कर अवैध लाभ अर्जित किया। जांच में सामने आया कि सभी परिजन को जमीन की वास्तविक स्थिति की जानकारी होने के बावजूद यह कृत्य किया गया। पुलिस ने आरोपी मनोरंजन मंडल उम्र 52 वर्ष, निवासी माना कैम्प, रायपुर को 17 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। फिलहाल अभनुपर पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जमीन का फर्जी नामांतरण किन लोगों की मिलीभगत से किया गया।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## खबर संक्षेप

### सिद्ध माता कर्राबाधिन में ज्योति कलश स्थापना आज

**छुईहा बेलर।** मां कर्राबाघिन मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर गुरुवार को ज्योति कलश स्थापना का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के वरिष्ठ सदस्य वेदराम साहू बोड़की ने बताया कि यहां लोग सहपरिवार सम्मिलित होकर जगत जननी माता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। आयोजन में महामण्डलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण महाराज सिरकटी आश्रम, श्री भगत बाबा गिरीराज परेवाडीह वाले का आगमन होगा। कार्यक्रम के तहत ज्योत कलश स्थापना 19 मार्च , श्रृंगार (पंचमी) 23 , दुर्गा अष्टमी (हवन पूजन) 26 मार्च,ज्योति कलश विसर्जन 27 मार्च को होगा। आयोजन को सफल बनाने समस्त सेवा समिति पांच गांव जोगीडिपा, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पितईबंद शिविर में युवा और महिलाओं ने किया रक्तदान



**राजिम।** पितईबंद में रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें ग्राम के युवा एवं महिलाओं ने रक्तदान किया। इन्हें सम्मान स्वरूप हेलमेट तथा महिलाओं को बैग प्रदान किया गया। सरपंच गोदावरी-सहदेव बंजारे, पूर्व सरपंच पूनम बंजारे द्वारा सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं में विशेष रूप से सरपंच गोदावरी बंजारे, सरपंच प्रतिनिधि सहदेव बंजारे, पूर्व सरपंच पूनम बंजारे, विजय महोबिया, प्रकाश सेन, ईश्वर देवांगन, घनश्याम सेन, हितेश यदु, माधव देवांगन,भारत यदु ,तमेश देवांगन, तोरण देवांगन, पन्ना कुंभकार ,तिलक बंजारे, डायमंड देवांगन,रिया, भुनेश्वरी शामिल थे।

## ग्रामीण इलाके में फिर तूफान के साथ गिरे ओले

**मैनपुर।** इन दिनों क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला हुआ है, जहां दिन को तेज धुप से लोग बेहाल हो रहे हैं। वही शाम होते ही मौसम अपना रूख बदल रहा है। शाम 4 बजे के बाद मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में जमकर तूफान चलने लगी और बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमा गई। मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में जहां झमाझम बारिश हुई। वहीं मैनपुर के



दूरस्थ वनांचल कुल्हाडीघाट, बेसराझर, गौवरमुंड, ताराझर, कुर्वापानी, भालूडिग्गी क्षेत्र में लगभग 1 घंटे तक जमकर ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि के चलते जहां ▶▶| शेष पेज 10 पर




**खबर संक्षेप**

### भुगतान समाधान योजना बड़ा कदम



**महासमुंद।** छग में भाजपा की सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के लिए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समधान 2026 योजना के शुभारंभ करने का नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने छग की जनता के हित में लिया हुआ बड़ा कदम बताते कहा कि इस योजना से खास कर बीपीएल घरेलु एवं एग्रीकल्चर से जुडे.उपभोक्तओं के बिजली बिल माफ होंगे।

### सहकारी समितियों में खाद्य का भंडारण

**महासमुंद।** वर्तमान में रबी मौसम समाप्ति की ओर है एवं खरीफ मौसम प्रारंभ होने वाला है। इस परिप्रेक्ष्य में जिले के सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक के भंडारण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, आज की स्थिति में जिले के सहकारी समितियों में 7282 टन यूरिया, 6196 टन एसएसपी, 2527 टन डीएपी, 1119 टन एमओपी एवं 1437 टन एनपीके उपलब्ध है। कृषकों से अपील की गई है कि वे परेशानियों से बचने के लिए तत्काल उर्वरकों का अग्रिम उठाव करना प्रारंभ करें। माह जुलाई से सितम्बर के बीच यूरिया उर्वरक की मांग ज्यादा रहती है, इसलिए कृषक भाई अपनी रकबे के अनुसार उर्वरकों का उठाव करें। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने निजी विक्रेताओं से अपील की है कि वे बिना लाइसेंस के बीज, खाद एवं कीटनाशी का व्यापार नहीं करें। बिना लाइसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर नियमों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में उद्यमिता एवं स्टार्टअप जागरूकता सह संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन

# उद्यमिता व्यवसाय नहीं, जीवन में कुछ नया करने का है साहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में तथा स्टार्टअप छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से उद्यमिता एवं स्टार्टअप जागरूकता सह संवेदनशीलता कार्यशाला का गरिमामय एवं सफल आयोजन विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल ब्लॉक-02 में किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में उद्यमिता, नवाचार, आत्मनिर्भरता, सृजनात्मक सोच, स्थानीय संसाधनों के उपयोग तथा रोजगार सृजन की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की गतिविधियों एवं नवाचार-उन्मुख पहलों की जानकारी प्रस्तुत की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न गणमान्य वक्ताओं एवं विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उद्यमिता और स्टार्टअप की अवधारणा, उसके व्यावहारिक पक्ष, चुनौतियों और संभावनाओं पर अत्यंत प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन प्रदान किया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि उद्यमिता केवल व्यवसाय आरंभ करने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक सोच, एक दृष्टिकोण और जीवन में कुछ नया करने का साहस है। उन्होंने कहा कि उद्यमिता में अच्छी आदतों का अत्यंत



महत्वपूर्ण स्थान होता है। समयपालन, अनुशासन, निरंतर अभ्यास, धैर्य, जिम्मेदारी तथा लक्ष्य के प्रति निष्ठा जैसे गुण एक सफल उद्यमी के व्यक्तित्व की आधारशिला होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लाभ और हानि एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, इसलिए किसी भी उद्यमी को सफलता के साथ-साथ चुनौतियों और असफलताओं का सामना करने के लिए भी मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उद्यमिता का वास्तविक आधार कल्पनाशक्ति है। जब व्यक्ति किसी सामान्य समस्या को नई दृष्टि से देखता है और उसका अभिनव समाधान खोजता है, तभी एक नया उद्यम जन्म लेता है।

कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञ सुश्री कुमुद मिश्रा ने विद्यार्थियों को अत्यंत सरल एवं व्यवहारिक भाषा में स्टार्टअप क्या है तथा स्टार्टअप और उद्यमिता में क्या अंतर है, यह विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि हर व्यवसाय स्टार्टअप नहीं होता, बल्कि स्टार्टअप वह होता है जो किसी समस्या का नया, प्रभावी, नवाचारी और विस्तार योग्य समाधान प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप प्रायः छोटी-छोटी समस्याओं की पहचान से आगे आता है, और यही छोटी समस्याएँ आगे चलकर बड़े अवसरों का रूप ले सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के भीतर एक विशेष क्षमता, एक विशिष्ट प्रतिभा और आगे बढ़ने की अपार संभावना होती है, आवश्यकता केवल उसे पहचानने, विकसित करने और सही दिशा देने की होती है। कार्यक्रम के दौरान यह विशेष रूप से देखने को मिला कि विश्वविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने स्थानीय उत्पादों, नवाचारी विचारों एवं उपयोगी अवधारणाओं को स्टार्टअप और उद्यमिता की दृष्टि से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित इन उत्पादों और विचारों में स्थानीय संसाधनों, स्थानीय जरूरतों तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संभावनाओं का सुंदर समन्वय दिखाई दिया। यह प्रदर्शन केवल एक प्रदर्शनी भर नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास, उद्यमशील दृष्टि और आत्मनिर्भरता की भावना का सशक्त उदाहरण था। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञ सुश्री प्रीति खंडेलवाल सदस्य स्टार्टअप छत्तीसगढ़ ने स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र, युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों, नवाचार की भूमिका, तथा शासन स्तर पर उपलब्ध सहयोग एवं प्रोत्साहन की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी सोच को सीमित न रखें, बल्कि समस्याओं को अवसर के रूप में देखें और समाधान आधारित दृष्टिकोण अपनाएँ। उन्होंने कहा कि आज का समय उन युवाओं का है जो केवल नौकरी के अवसरों की प्रतीक्षा नहीं करते, बल्कि स्वयं अवसरों का निर्माण करते हैं।

### कार्यक्रम के प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात श्री लक्ष्मीकांत सिन्हा, आईआईसी सदस्य द्वारा आभार प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने माननीय अतिथियों, विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेषज्ञों, आयोजन समिति, आईआईसी सदस्यों, प्राध्यापकगण, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।



# महुआ बीन रहे बच्चों को जंगल से पकड़कर परीक्षा देने स्कूल ला रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ गरियाबंद के वनांचल में शिक्षकों की अनोखी दौड़

आदिवासी वनांचल क्षेत्र में इन दिनों महुआ संग्रहण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। छोटे छोटे बच्चे भी अपने परिजनों के साथ महुआ संग्रहण के लिए जंगल के तरफ निकल रहे हैं। ऐसे समय में स्कूलों में परीक्षा का दौर चल रहा है। खासकर पांचवी और आठवी की परीक्षा में बच्चों को स्कूल तक लाने में शिक्षकों को भारी मशक्कत करना पड़ रहा है। मैनपुर वनांचल क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों में ऐसी तस्वीर निकलकर सामने आ रही है कि शिक्षक बच्चों को जंगल से पकड़–पकड़ निकलकर परीक्षा दिलाने के लिए स्कूल तक ला रहे हैं। गरियाबंद जिले के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों एक ऐसी तस्वीर सामने आ रही है, जो शिक्षा व्यवस्था के सामने खड़ी बड़ी चुनौती को उजागर करती है। एक ओर स्कूलों में पांचवी–आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, तो दूसरी ओर कई बच्चे महुआ के पेड़ों के नीचे महुआ बीनने में लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। शिक्षक अब परीक्षा केंद्र में बैठकर बच्चों का इंतजार करने के बजाय गांव–गांव और घर–घर जाकर उन्हें परीक्षा देने के लिए बुला रहे हैं। कई जगह शिक्षक खुद बच्चों के घर पहुंचकर माता–पिता को शिक्षा का महत्व समझा रहे हैं. हालांकि, कई परिवारों के लिए इस समय बच्चों की पढ़ाई से ज्यादा प्राथमिकता महुआ बीनना बन गई है।

ग्रामीण मानते हैं महुआ बीनने से तुरंत फायदा है, जबकि पढ़ाई का लाभ भविष्य में मिलता है। सालेभाठा पंचायत के बनवा पारा गांव में एक दिलचस्प लेकिन चिंताजनक घटना भी सामने आई आठवीं कक्षा की परीक्षा शुरू होने से पहले जब शिक्षक शिक्षक बसंत कुमार निषाद, एक बच्चे को बुलाने उसके घर पहुंचे, तो वह को देखते ही भागने लगा। शिक्षक भी पीछे दौड़ पड़े। यह दृश्य देखकर आसपास मौजूद लोग हैरान रह गए। इससे शासन प्रशासन के शिक्षा के प्रति प्रयासों पर सवाल खड़ा कर दिया। शिक्षक जब घर पहुंचा तो बच्चा भागा वही दुसरी ओर मैनपुर कुल्हाडीघाट क्षेत्र के स्कूलो में भी शिक्षक बच्चों को परीक्षा दिलाने के लिए जंगल से पकड़ पकडकर लाते दिखाई दे रहे हैं।

# दृष्टिबाधित दिव्यांग लक्की यादव ने अपने सपनों को ही बना लिया ताकत

**महासमुंद।** लक्की यादव निवासी ग्राम तुमाङबरी, महासमुंद जो दृष्टिबाधित दिव्यांग है। अपने जीवन की कठिन परिस्थितियों को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। दृष्टिबाधित होने के बावजूद लक्की ने अपने सपनों को सीमित नहीं होने दिया, बल्कि उन्हें अपनी ताकत बना लिया। लक्की यादव समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित स्वैच्छिक संस्था फॉर्चुन फाउंडेशन के पूर्व के छात्र है। बचपन से ही लक्की के सामने कई चुनौतियां थीं। जहा सामान्य बच्चों के लिए रोजमर्रा के काम आसान होते हैं, वहीं लक्की को हर कदम पर संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन उनके अंदर कुछ कर दिखाने का जज्बा हमेशा जीवित रहा। परिवार, विशेषकर उनके पिता कुमार




यादव का सहयोग और प्रोत्साहन उनके लिए सबसे बड़ी ताकत बना। लक्की ने खेलों में अपनी रुचि को पहचानते हुए एथलेटिक्स को अपना लक्ष्य बनाया। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने लगातार मेहनत की।

वर्ष 2020-21 में पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा वर्ष 2021-22 में 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बनाई। वर्तमान वर्ष 2026 में दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी के रूप में उनका चयन हुआ। उक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए उन्हें जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग द्वारा आर्थिक सहायता प्रदाय किया गया। प्रतियोगिता में कड़ी मेहनत और समर्पण दिखाते हुए 1500 मीटर दौड़ के पहले दो राउंड में अपनी बढ़त बनाए रखा किंतु अंतिम राउंड में पदक प्राप्त नहीं कर सकें। उन्होंने हार नहीं मानी और 12 मार्च 2026 को 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर जिले, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया।

### जिले में श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण के लिए मोबाइल कैंप शिविर लगेगा 30 अप्रैल तक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छग असंगठित कर्मकार मंडल के श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण के लिए मोबाईल कैंप शिविर आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि इन कैंपों का विकासखंडवार अलग-अलग नगरीय निकाय वार्ड, ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। मोबाइल कैंप शिविर जिले में 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकासखंड महासमुंद में 16 मार्च को ग्राम चिंगरौद से शिविर का शुरूआत किया गया। इसी तरह 19 मार्च को विकासखंड महासमुंद के ग्राम लाफिनखुर्द एवं विकासखंड पिथौरा के ग्राम जम्हर, 20 मार्च को विकासखंड बसना के ग्राम गढ़पटनी एवं विकासखंड बागबाहरा के ग्राम लिटियादादर में श्रमिक पंजीयन के लिए मोबाइल कैंप आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में पंजीयन नवीनीकरण के लिए आवश्यक मूल दस्तावेज आधार कार्ड (परिवार के सभी सदस्यों का), बैंक पासबुक, मोबाइल साथ लाने एवं असंगठित

# राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ जिले में 170 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से 2 हजार नवसाक्षरों को शामिल करने का लक्ष्य

जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन रविवार 22 मार्च को किया जाएगा। परीक्षा जिले के सभी विकासखंडों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक 170 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से आयोजित होगी। जिले में इस महाअभियान के तहत लगभग 2 हजार नवसाक्षरों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु के वे शिक्षार्थी शामिल होंगे, जिन्होंने उल्लास साक्षरता केंद्रों में अध्ययन किया है। परीक्षा में सफल होने वाले शिक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय एवं राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के उद्देश्य से संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम इस अभियान का आधार है, जिसके माध्यम से उन शिक्षार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है जो किसी कारणवश पहले पढ़-लिख नहीं पाए थे। नवसाक्षरों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों की भूमिका तय की गई है। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और ब्लॉक संसाधन समन्वयकों को अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा के सफल संचालन के लिए केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिला एवं विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग दल गठित किए गए हैं, जो परीक्षा के दिन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास के नवसाक्षरों को परीक्षा में बैठाए जाने में सहयोग करें, ताकि हर नवसाक्षर पढ़-लिखकर विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके।

### कोडार खल्लारी में नवरात्र महोत्सव आज से

**महासमुंद।** नेशनल हाइवे 53 स्थित जय मां खल्लारी मंदिर कोडारबांध तुमगांव में वासंती चैत्र नवरात्र महोत्सव 19 मार्च 2026 से आरंभ होने जा रहा है। अध्यक्ष किशोर चंद्राकर ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च गुरुवार को घट स्थापना सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर साढे 12 बजे तक ज्योति प्रज्वलित होगी। वहीं 23 मार्च सोमवार को पंचमी माता श्रृंगार पूजा एवं 25 मार्च बुधवार को सप्तमी काल निशा पूजा होगी। इसी प्रकार चैत्र शुक्ल अष्टमी गुरुवार 26 मार्च को दुर्गाष्टमी, अशोका अष्टमी व महाअष्टमी पूजन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी। हवन प्रातः 10 से प्रारंभ होगा। पूर्णाहुति दोपहर 1 बजे पश्चात कन्या पूजन व प्रसादी वितरण होगा। चैत्र शुक्ल नवमीं शुक्रवार 27 मार्च को राम नवमीं रामोत्सव पूजन व जंवारा विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन होगा। समिति के समस्त पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है ।



# सरायपाली विद्युत संभाग अंतर्गत बिजली बिलों की महाछूट

### 60 हजार उपभोक्ताओं का 64.20 करोड़ होगा माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सरायपाली विद्युत संभाग अंतर्गत 28655 बीपीएल बिजली कनेक्शनधारी पर करीब 49 करोड़ रुपए बकाया है। समाधान योजना में तय समय पर पंजीयन कर अंतर की राशि भुगतान किया तो इन्हें 42.33 करोड़ रुपए की छूट मिलेगी। केवल 7.05 करोड़ रुपए भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का लाभ सर्वाधिक छुईपाली, बलौदा, पाटसेंद्री, बसना ग्रामीण, सरायपाली ग्रामीण, गढ़फुलझर और भंवरपुर वितरण केंद्र के ग्रामीणों को मिलेगा। साय सरकार ने बिजली बिल बकायदारों के लिए राहत भरी योजना की शुरूआत किया है। विभाग स्तर पर योजना से राहत देने की पूरी तैयारी में विभाग जुट गया है। योजना के मुताबिक निष्क्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं को मूल बकाया में 75 फीसदी और अधिभार में 100 फीसदी छूट दिया जायेगा, निष्क्रिय घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को मूल बकाया में अधिकतम 50 फीसदी और अधिभार में 100 फीसदी तक छूट देने की योजना बनाई गई है। बचत रकम को अधिकतम 6 किश्तों में पटाने की छूट है पर छूट का प्रतिशत इसमें कम होते जाएगा। सरायपाली विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता टीके पटेल ने बताया कि योजना में शामिल होने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तक की है। इसके लिए उपभोक्ता को अभी से पंजीयन कराने की आवश्यकता है। पंजीयन करने केवल बीपी नंबर और मोबाईल नंबर ही उपलब्ध कराना होगा। मोर बिजली बिल एप अथवा नजदीकी बिजली ऑफिस में पंजीयन हो जाएगा। जागरूकता और पंजीयन करने बुधवार से विभाग के प्रत्येक वितरण केंद्र में साप्ताहिक बाजार व बड़े गांव में शिविर लगाने की शुरूआत कर दी गई है। विभाग ने स्थानीय जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधियों को इस योजना का लाभ लेने विभिन्न माध्यमों से अपील करने का भी आग्रह किया है, ताकि बिजली उपभोक्ताओं को इस छूट योजना का लाभ मिल सके।

# भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम ने थाईलैंड से 3-0 से शृंखला जीती

**महासमुंद।** बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ एशिया के तत्वावधान में एवं बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ थाईलैंड द्वारा थाईलैंड के पटाया व राजधानी बैंकॉक में भारत व थाईलैंड के बीच खेली गयी। तीन मैचों के अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन श्रृंखला के पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में भारतीय पुरुष एवं महिला बॉल बैडमिंटन टीम ने थाईलैंड की पुरूष व महिला बॉल बैडमिंटन टीम को 3-0 से पराजित कर क्लीन स्विप करते हुए श्रृंखला पर कब्जा जमाया।

बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव वाई राजा राव ने बताया कि पुरुष वर्ग के पहले मैच में भारत ने थाईलैंड को 35-15,35-12 से, दूसरे मैच में 35-12,35-13, श्रृंखला के तीसरे व अंतिम मैच में भारत ने थाईलैंड को 35-21,35-23 से पराजित किया। जबकि, महिला वर्ग के पहले मैच में भारत ने थाईलैंड को 35-12,35-14 से, दूसरे मैच में 35-14,35-10 से एवं श्रृंखला के तीसरे व अंतिम मैच में भारत ने थाईलैंड को 35-19,35-21 से पराजित कर श्रृंखला पर कब्जा जमाया। भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम खेल के हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3-0 से श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया है। बॉल बैडमिंटन खेल में भारतीय पुरूष व महिला टीम वर्तमान में विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम है। भारत के पारंपरिक खेल बॉल बैडमिंटन में हाल के दिनों में पटना में आयोजित साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन गेम्स, नेपाल, इंडोनेशिया, मलेशिया व थाईलैंड इत्यादि देशों के साथ खेले गए। द्विपक्षीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन कर क्लीन स्वीप किया है।



# तहसील स्तरीय कर्मा माता जयंती समारोह में उमड़ा आस्था का सैलाब, भागवत कथा में शामिल हुए मोक्ष कुमार

**बसना।** तहसील के ग्राम बोहारपार स्थित कर्मा माता मंदिर में आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा माता जयंती समारोह 2026 के अंतर्गत चल रहे श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ एवं ज्ञानयज्ञ सप्ताह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। धार्मिक माहौल के बीच क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में मोक्ष कुमार, प्रधान जिला पंचायत सदस्य भी मोर जिला पंचायत मोर गांव बोहारपारा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कथा स्थल पहुंचकर कर्मा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में आस्था, संस्कार और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा मानव जीवन को सही मार्ग दिखाने का कार्य करती है और समाज को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम बनती है। कार्यक्रम में कथा वाचन के साथ-साथ प्रतिदिन भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सहयोग प्रदान किया।

## पेज 9 का शेष

### खाट पर मरीज...

कुल्हाड़ीघाट है। पहाड़ी पर बसे ग्राम भालूडिग्गी में एक कमार जनजाति के ग्रामीण मन्नू नेताम की तबीयत अत्यधिक खराब होने के कारण आज बुधवार को उनके परिजन एवं गांव के ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए लाने के लिए लकड़ी एवं बास से कावर चैली निर्माण किया और उसमें लिटा कर मरीज को पहाड़ी दुर्गम रास्तों को पार करते हुए 17 किलोमीटर पैदल चल कुल्हाड़ीघाट तक लाया। ग्रामीणों ने बताया लगभग 4 घंटे लगातार पैदल चलने के बाद कुल्हाड़ीघाट तक पहुंचे, यहां के ग्रामीणों ने बताया जब भी पहाड़ी ऊपर बसे ग्रामों में किसी का भी तबीयत खराब होती है तो उन्हें इसी तरह अस्पताल तक पहुंचाते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक लाने में होती है। ग्रामीणों ने बताया कई बार सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। इन गांवों में पक्की सड़कों का अभाव है बड़ी गाड़ियां वहां आसानी से पहुंच नहीं पाती हैं। इससे मरीजों को अक्सर चिकित्सा सहायता के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। समय पर एंबुलेंस न पहुंचने से मरीजों की हालत बिगड़ जाती है कभी-कभार तो मरीज की जान भी चली जाती है। चाहे ग्राम डूमरघाट की बात हो या फिर राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के अंतिम इलाके या सायबिनकछार क्षेत्र के गांवों में आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण इन ग्रामों में एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती।

### ग्रामीण इलाके में...

एक ओर कच्चे खपरैल वाले मकान को भारी छती पहुंची, वहीं दूसरी ओर ईंट निर्माण कर रहे किसान और लोग परेशान हो गये। सबसे ज्यादा हानि वनोपज चार, चिरौंजी, महुआ और सरई को पहुंचा। ओलावृष्टि से चार, चिरौंजी, महुआ के फसल भारी प्रभावित हुई है। ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी, शिक्षक सुखराम नागेश एवं ग्रामीणों ने बताया कि शाम 5 बजे कुल्हाडीघाट क्षेत्र के ग्रामों में भारी ओलावृष्टि हुई है। ग्रामीणों व बच्चों ने बर्फ को टोकरी और बाल्टी में एकत्र किये है, तो पूरे गांव की गलियों और मैदान में चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रहा है।

### सिद्ध माता कर्राबाधिन...

बोड़की, फुलझर, चरौदा, चरभट्टी के लोग सहयोग कर रहे हैं। समिति पदाधिकारी अध्यक्ष रामककिशुन सेन ,उपध्याक्ष धन्जी राम साहु,सचिव केशरी लाल सेन हैं।



## खबर संक्षेप

### पार्षद ने छात्र- छात्राओं को कराया न्योत भोज दिया स्लेट- पेंसिल



**फिंगेश्वर।** न्योता भोज के शासकीय आदेश का असर इस तरह स्कूलों एवं आगणबाड़ी केन्द्रों में दिखाई पड़ रहा है कि लोग अपनी खुशियां नन्हे मुन्ने बच्चों को पौष्टिकयुक्त भोजन कराकर बांट रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 9 में वार्ड पार्षद शांति कोसरे द्वारा छोटे बच्चों को न्योता भोज कराकर खुशी जाहिर की है। बच्चों को उन्होंने स्लेट एवं पेंसिल भी दिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के साथ- साथ भाजपा नेत्री संतोषी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### लीना का जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय स्थित द हाईट्स इंग्लिश मिडियम स्कूल में अध्यनरत छात्र कुमारी लीना यादव पिता दिलीप यादव मैनपुर जंयतीनगर निवासी ने 87.50 अंक प्राप्त कर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुई है। उनके चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगर के लोगों ने छात्र लीना के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### अचानपुर स्टाप डेम मरम्मत की मांग, बारिश से इस वर्ष गांव को हो सकती है क्षति



**मैनपुर।** ग्राम के वरिष्ठ एवं पंच शंकर ठाकुर ने बताया कि मैनपुर नदीपारा अचानपुर नदी में 10 वर्ष पहले 25 लाख खर्च कर सिंचाई विभाग द्वारा स्टाप डेम का निर्माण किया गया है, लेकिन यह स्टाप डेम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और इसका कटाव धीरे धीरे बढ़ाता जा रहा है। इस कारण आसपास के खेत की जमीन के साथ ही मार्ग भी बहता जा रहा है। इस स्टाप डेम के पास आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ग्राम पंचायत मैनपुर के आश्रित ग्राम अचानपुर नदी में निर्माण किये गये क्षतिग्रस्त स्टाप डेम का तत्काल मरम्मत की जाए, नहीं तो आने वाले बारिश में इस स्टाप डेम का बहाव तेज हो जायेगा और इसका पानी गांव में घुसने से गांव को भारी क्षति पहुंचने की संभावना है। ग्राम अचानपुर के ग्रामीणों एवं पंच शंकर ठाकुर ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके एवं सिंचाई विभाग के अफसरों से मांग की है कि तत्काल स्टाप डेम की मरम्मत करवायी जाये, नहीं तो ग्रामीण मजबूरन आंदोलन करने बाध्य होंगे।

### आज कलश पूजन के साथ नववर्ष का शुभारंभ

**छुरा।** नगर सहित आसपास में चैत्र नवरात्रि की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। आज से नवरात्रि का शुभारंभ होगा। इसके अलावा झूलेलाल जयंती आयोजित की गई है, जिसमें नगर के शीतला मंदिर प्रांगण में देवी भागवत का आयोजन किया गया है। साथ ही साथ नगर के मानस मंदिर में हिंदू नववर्ष पर विशेष सजावट के साथ मनाया जा रहा है, जिसमें सुबह 7 बजे कलश पूजन के साथ नव वर्ष का शुरुआत की जाएगी। आरती पूजन के किया जाएगा। इस पर नगर के सभी वर्ग के लोग भाग लेते हैं। इसी तरह गिधनी पाट में चैत्र नवरात्रि एवं रामचरितमानस महायज्ञ, राज्य स्तरीय मानस राम सम्मेलन का आयोजन की किया गया है, इसमें 19 मार्च गुरुवार को कलश स्थापना एवं 23 मार्च को जल यात्रा यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा एवं 24 मार्च को हवन पूजन एवं प्रज्ञा मानस मंदिर सोरिद, लोकरंग पंडवानी का कार्यक्रम होगा, 25 मार्च को हवन के पश्चात राज हंस मानस परिवार अम्बा गढ़ चौकी, सुर सुरभि पंडवानी का कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, 26 मार्च गुरुवार को हवन पूजन अष्टमी हवन के बाद अनंत मानस परिवार खैरागढ़ राजनांदगांव के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, 27 मार्च को गीता पाठ में समापन किया जाएगा एवं सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था है।

# देवभोग में पहली बार हुआ एरो मॉडलिंग शो, बच्चों सहित सभी ने उठाया लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

गरियाबंद जिले में पहली बार एरो मॉडलिंग शो का आयोजन हुआ। देवभोग के स्वामी आत्मानंद स्कूल की एनसीसी एयर विंग इकाई द्वारा यह आयोजन 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन रायपुर के तत्वावधान में किया गया। लुत्फ उठाने सैंकड़ों की संख्या में बच्चे, पालक और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। रायपुर से पहुंचे एरो मॉडलिंग स्ट्रेक्चर दीपक भूले,सार्जेंट एस के धनोले और विंग कमांडर अर्जुन यादव के कंट्रोल में मॉडल की प्रस्तुति हुई।अफसरों ने रेडियो कंट्रोल मॉडल बैनर शो, कंट्रोल लाइन मॉडल डॉग फाइट,ड्रोन सर्कल और स्टेटिक मॉडल की आकर्षक प्रस्तुति दिया। ग्रामीण अंचल के छात्र- छात्राओं के लिए शो को करीब से देखने का पहला अवसर था। ऐसे में रोमांच भरे इस प्रस्तुति का बच्चों ने खुलकर लुत्फ उठाया।

**3 सीजी एयर स्क्वाड्रन रायपुर ने किया प्रदर्शन**





### एयरफोर्स की कार्यप्रणाली को नजदीक से दिखाया

शो को लेकर अफसरों ने कहा कि एयरफोर्स की कार्य प्रणाली को नजदीक से दिखाने, देशभक्ति का जज्बा जागृत करने के अलावा एनसीसी के कैडेट्स को उड़ान का अनुभव दिलाने के उद्देश्य से एयरो शो का आयोजन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस अद्भुत आयोजन के लिए एनसीसी ऑफिसरों के प्रति कृतज्ञता जाहिर की।

## वार्षिक अधिवेशन में शामिल विधायक रोहित साहू ने सामाजिक भवन बनाने 15 लाख की घोषणा की

# देवांगन समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा : विधायक रोहित

**रोशन देवांगन फिंगेश्वर राज देवांगन समाज के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर/छुईहा-बेलर



देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन रविवार को बेलटुकरी में हुआ। मुख्यअतिथि विधायक रोहित साहू थे। अध्यक्षता रोशन देवांगन फिंगेश्वर, विशिष्ठ अतिथि जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू फिंगेश्वर, सभापति जिला पंचायत नन्दनी ओंकार साहू गरियाबंद, हेमंत बबलू साहू सदस्य जनपद पंचायत फिंगेश्वर,पुराणिक साहू सरपंच ग्राम पंचायत बेलटुकरी, अरुण हिरवानी उपसरपंच बेलटुकरी थे।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि सभी समाज के लोग वर्ष में एक बार वार्षिक महाधिवेशन करते हैं उसमें पूरे परिवार सहित आना चाहिए। पारिवारिक माहौल एवं बड़े छोटे सभी से मुलाकात होने से सामाजिक उद्देश्य के साथ साथ सामाजिक संस्कृति का असर भी बच्चों मे दिखाई देगा। देवांगन समाज कपड़ा बुनने के कार्यों के साथ कपड़े का व्यापार प्रमुख से करता आया है, लेकिन उसके अलावा आज देवांगन समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि समाज की ईष्ट देवी मां परमेश्वरी है जो हम सब की आराध्य है। मैं विधायक नहीं आपका बेटा हूं, जरूरी काम से कोई भी मुलाकात कर सकता है। पहले के विधायक से मिलने लोगो को दिन गिनने पढ़ते थे। मगर मैं आपके लिए 24 घंटे उपलब्ध रहता हूं। आज मैं अपने विधानसभा में 2 वर्षों के कार्यकाल में लोगों के मांग के अनुरूप, आवश्यता के अनुरूप विकास कार्यो को महत्व देकर इतने विकास किये हैं कि पूरे प्रदेश के 90 विधाययो में रेटिंग पे आज तीसरे–चौथे नम्बर पर हूं। आज ये सब आप लोगों के सहयोग आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है।मैं पहले भी वही रोहित हूं। आज भी वही रोहित साहू हूं। आगे रोहित साहू ने कहा कि समाज के भवन निर्माण के लिए 15 लाख की घोषणा करता हूं।

जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि देवांगन समाज बहुत ही मेहनतकश और संगठित समाज है। आज समाज के लोग विकास की अग्रसर है। मैं समाज से आग्रह करती हूं कि शराबखोरी के बजाय शराबंदी की ओर भी कदम उठाये जिससे घर गांव सभी समाज उन्नति की ओर आगे बढ़ सके।जिला पंचायत के सभापति नन्दनी ओंकार साहू ने कही की समाज पे महिलाओ की भागीदारी अधिक से अधिक होनी चाहिए। मंच पे उपस्थित राज के पदाधिकारीगन संरक्षक कमल नारायण देवांगन,सालिक राम देवांगन, विरसिंग देवांगन,अध्यक्ष रोशन देवांगन, उपाध्यक्ष भोज देवांगन, सचिव योगेश देवांगन, कोषाध्यक्ष नारद देवांगन, सह कोषाध्यक्ष डूमन लाल साहू, कुश देवांगन प्रमुख सलाहकार, पूरन देवांगन, पवन देवांगन की उपस्थिति में रोशन देवांगन को फिंगेश्वर राज देवांगन समाज के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।युवा देवांगन पदाधिकारीगण–अध्यक्ष–युवराज देवांगन, सचिव–कमल देवांगन, कोषाध्यक्ष–विजय देवांगन, कार्यकारणी–भुनेश्वर देवांगन, यमन देवांगन, जयप्रकाश देवांगन, युवराज देवांगन, पंचगण–भाऊ देवांगन,छबि देवांगन,जीवन देवांगन, रूपचंद देवांगन, मनोज देवांगन, खिलेश देवांगन, संतु देवांगन, हरीश देवांगन, रामप्रकाश देवांगन संतोष देवांगन, हिरदेराम देवांगन, तिरिथ देवांगन, देवकुमार देवांगन, रामगोपाल देवांगन, विशाखा बाई देवांगन, भावना देवांगन, संगीता देवांगन, अनिता देवांगन, अनामिका देवांगन, कीर्ति देवांगन, साधना देवांगन, युगल देवांगन, भुनेश्वर देवांगन, भूषण देवांगन,महेश देवांगन, पुराणिक देवांगन, भुवन देवांगन, यादराम देवांगन, छेद देवांगन, हरीश देवांगन सुदेश देवांगनतीरथ देवांगन, मनोज देवांगन, संतोष देवांगन, हरि देवांगन, सेवक देवांगन, लखन देवांगन, समस्त स्वजाति बंधु उपस्थित थे।

# मां काली मंदिर में आज शुभ मुहुर्त में ज्योतिकलश की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

शहर के सुप्रसिद्ध मां काली मंदिर में नवरात्रि तैयारियां मंदिर समिति ने लगभग पूरी कर ली है। मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि 19 मार्च गुरुवार को दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे के बीच ज्योतिकलश की स्थापना शुभ मुहुर्त में की जाएगी। इसके साथ ही नवरात्रि पर्व की विधिवत शुरूआत होगी। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को पंचमी का पूजन किया जाएगा और 26 मार्च को अष्टमी के अवसर पर हवन का आयोजन होगा। इसके बाद 27 मार्च को कुआंरी कन्याओं का पूजन एवं भोज कराया जाएगा। अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि मंदिर परिसर में रंग-रोगन के साथ ही आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए पूरे परिसर को व्यवस्थित किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मां काली मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आवाहन पर जिले में कर्मचारी-अधिकारियों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नेहा भेड़िया को सौंपा।

फेडरेशन के जिला संयोजक एमआर खान ने बताया कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प पत्र एवं मोदी की गारंटी के तहत लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करे। उन्होंने प्रमुख मांगों में जुलाई 2016 से लंबित एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में जमा करने, 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने तथा मध्यप्रदेश की तर्ज पर 300 दिवस अर्जित अवकाश नकदीकरण लागू करने की मांग रखी।

इसके साथ ही लिपिक, शिक्षक, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने, पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना का लाभ देने की भी मांग की गई। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान देने, अनुकंपा नियुक्ति के लिए स्थायी आदेश जारी करने और 10% सीलिंग समाप्त कर सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति देने की मांग भी प्रमुख रही।

फेडरेशन ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण, नगरी निकाय कर्मचारियों को नियमित वेतन व समय पर पदोन्नति, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण तथा आधार बेस्ड अटेंडेंस एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति को समाप्त करने की मांग भी उठाई।

ज्ञापन सौंपने के दौरान एम.आर. खान, बसंत त्रिवेदी, मनोज खरे, बसंत मिश्रा, सुदामा ठाकुर, अनूप महादिक, रामकुमार ध्रुव, लोकेश सोनवानी, अमृत भोसले, संजय सिंह, दीपयंती तिवारी, प्रीति रामटेक, माधुरी यादव, युवराज कुटारे, चंद्रहास श्रीवास, उमाशंकर साहू, तोकेश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू, दूषयंत साहू, विकास सावडे सहित कलेक्ट्रेट के अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीएम बिजली बिल समाधान शिविर से 22 लोग लाभान्वित

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी संभाग नवापारा-राजिम अंतर्गत वितरण केंद्र खोरपा में मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान खोरपा क्षेत्र में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की सहभागिता रही। शिविर में वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर प्रमुख रूप से शामिल हुए। वहीं ग्राम पंचायत खोरपा की सरपंच मीना ध्रुव की भी उपस्थिति रही। इसके अलावा रायपुर ग्रामीण के मुख्य अभियंता संजीव सिंह, रायपुर वित्त के अधीक्षण अभियंता मुरारीश्री हरि तथा कार्यपालन अभियंता हरिशंकर प्रसाद भी उपस्थित रहे। प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा कि लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए यह योजना काफी लाभकारी है। योजना के तहत बकाया राशि में छूट के साथ-साथ उपभोक्ता किस्तों में भी भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक हितग्राहियों तक योजना की जानकारी पहुंचाने की अपील की। शिविर में कुल 31 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही पंजीयन कराया। इनमें से 22 उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लेते हुए तत्काल बकाया राशि जमा कर योजना का लाभ उठाया। वहीं 4 उपभोक्ताओं ने छूट के बाद शेष राशि को किश्तों में भुगतान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस शिविर से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। वर्षों से लंबित बिजली बिल की समस्या का समाधान होने से लोगों ने संतोष जताया और शासन की इस पहल की सराहना की।

# टीचर्स एसोसिएशन ने जेडी रायपुर को सौंपा 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि.न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर



- प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति सहित अन्य मांगें शामिल

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू के नेतृत्व, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, प्रांतीय महासचिव योगेश सिंह ठाकुर,प्रांतीय पदाधिकारी विनोद सिन्हा, पूरन लाल साहू एवं जितेंद्र मिश्रा की विशेष उपस्थिति में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में विगत 4 वर्षो से लंबित माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति में न्यायालयीन बधाओं को शीघ्र दूर करते हुए पदोन्नति प्रदान करने,सहायक शिक्षक से शिक्षक के पद पर 13 फरवरी 2026 को प्रकाशित छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा पदोन्नति एवं भर्ती नियम के राजपत्र के अनुसार पदोन्नति प्रदान करने की मांग पर सहायक संचालक आलोक चांडक ने 31 मार्च 2026 तक पदोन्नति हेतु विस्तृत टाइम टेबल जारी करने का आश्वासन दिया। साथ ही संभाग रायपुर में कार्यरत शिक्षक संवर्ग द्वारा उच्च योग्यता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु दिए गए आवेदन के आधार पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की थी। उन्होंने आज पर्यन्त जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की कॉपी एसोसिएशन को उपलब्ध करायी। संभाग अन्तर्गत कार्यरत समस्त ग्रंथपाल एल बी एवं व्यायाम शिक्षक एल बी की वरिष्ठता सूची जारी कर पदोन्नति हेतु प्रस्ताव डी पी आई को संप्रेषित करने की मांग की गयी। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा सहायक शिक्षक से शिक्षक के पदों पर 31 मार्च तक विस्तृत टाइम टेबल जारी न होने की स्थिति में जेडी कार्यालय का घेराव करने का अल्टीमेटम दिया गया।

#### ये रहे मौजूद

*प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष डॉ. भूषण लाल चंद्राकर धमतरी, ओमप्रकाश सोनकला रायपुर,परमेश्वर निर्मलकर गरियाबंद,जिला पदाधिकारी दिनेश्वर साहू,संजय यादव,बलराम तारम,डा आशीष नायक,राहुल नेताम,अतुल शर्मा,,राजेंद्र ठाकुर,नारायण साहू,गोपाल साहू,मानिक साहू, चेतन ध्रुव,गौतम साहू ब्लॉक अध्यक्ष मगरलोड,रमेश यादव,गेवाराम नेताम धमतरी,शेषनारायण साहू, उत्तम साहू,शंकर ध्रुव,ओमप्रकाश ध्रुव आदि शामिल थे।*

## अफसरों ने परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# सघन निरीक्षण के बीच कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव(कोरासी)



विकासखण्ड अंतर्गत संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक केंद्रीकृत परीक्षा 2026 के तहत कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में हुआ। प्रथम दिवस पर परीक्षा की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक बीआरसीसी प्रेम मार्कण्डेय द्वारा संकुल केंद्र अकलवारा, सोरिद एवं साजापाली का सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान श्री मार्कण्डेय ने संकुल अंतर्गत सभी उच्च प्राथमिक शालाओं का भ्रमण कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण, गोपनीयता, विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी, उत्तरपुस्तिकाओं के संधारण एवं कक्षवार बैठक व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने केंद्राध्यक्षों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराई जाए तथा शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों में अनुशासन, स्वच्छता एवं शांति का माहौल देखने को मिला। सभी केंद्रों पर विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही तथा परीक्षा समयानुसार संचालित हुई। बैठक व्यवस्था भी सुव्यवस्थित पाई गई, जिससे विद्यार्थियों को अनुकूल वातावरण प्राप्त हुआ। पेयजल, प्रकाश एवं वेंटिलेशन जैसी मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। साथ ही परीक्षा संबंधी अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

#### अनुशासन व व्यवस्थाएं बनाए रखें

समग्र व्यवस्थाओं से संतुष्ट होकर बीआरसीसी द्वारा संबंधित विद्यालयों की प्रशंसा की गई। इस अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक असलम कुरैशी, समस्त केंद्राध्यक्ष एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे तथा निरीक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# रोजी-रोटी की तलाश बनी मौत की वजह करंट से झुलसे मिस्त्री ने तोड़ा दिया दम



- घुटकू नवापारा में हाईटेंशन तार की चपेट में आकर झुलसा

**गरियाबंद।** जिले के ग्राम घुटकू नवापारा में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक मिस्त्री का काम करने के लिए गांव आया हुआ था।

जानकारी के अनुसार, मृतक छुरा क्षेत्र के ग्राम पिपरहट्टा का निवासी बताया जा रहा है। घटना सुबह करीब 10 बजे की है, जब काम के दौरान वह अचानक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल गरियाबंद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार शुरू किया गया। चिकित्सकों के अनुसार वह गंभीर रूप से झुलस चुका था और हालत नाजुक बनी हुई थी। बताया गया कि बेहतर इलाज के लिए उसे रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। करीब 30 से 35 वर्ष के बीच युवक की उम्र बतायी जा रही है।

# आजादी के 78 साल बाद कमार बस्ती केबडीझोरखी में पहुंची बिजली की रौशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/हसन खान

वनांचल क्षेत्र के जंगल के भीतर बसे गांव में बिजली की रौशनी पहुंचने की खुशी क्या होती है, इसे यदि देखना और जानना है, तो आदिवासी कमार बाहुल्य ग्राम केबडीझोरखी के ग्रामीणों के बीच पहुंचकर ही महसुस किया जा सकता है। आजादी के बाद से लेकर अब तक ग्रामीण बिजली लगाने की मांग कर रहे थे और तो और शाम होते ही गांव के चारों तरफ धुप अंधेरा छा जाता था और ग्रामीणों को रात के अंधेरे से लड़ने के लिए लालटेन या फिर जंगल से लकड़ी लाकर अलाव जलाना पड़ता था, लेकिन छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में अब विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्राम के केबडीझोरखी में बिजली लगाने के बाद विधिवत उसे प्रारंभ कर देने से यहां के ग्रामीणों के लिए यह दिन दीपावली पर्व से कम नहीं रहा। ग्रामीण खुशी में झुम उठे और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही हरिभूमि अखबार के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तक आभार पहुंचाया है।

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 13 किलोमीटर दूर बीहड़ जंगल के अंदर बसे ग्राम पंचायत गोबरा के आश्रित ग्राम केबड़ीझोरखी के ग्रामीण वर्षों से बिजली लगाने की मांग कर रहे थे। ज्ञात हो कि बडेगोबरा तक दो वर्ष पहले ही बिजली पहुंच गयी थी, लेकिन वहां से एक किलोमीटर दूर बड़े नदी के उस पार बसे कमारपारा केबडीझोरखी में बिजली नहीं लगी थी, इसके लिए लगातार ग्रामीण संघर्ष कर रहे थे कि लगभग 20 दिन पूर्व ग्राम केबडीझोरखी में बिजली खंभे लगाकर ग्रामीणों के घरों में बिजली का कनेक्शन दिया गया है और बिजली की दुधिया रौशनी से गांव के घर एवं आंगन चमक उठा है। इससे ग्रामीणों के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है। हरिभूमि के टीम ने ग्राम केबडीझोरखी पहुंचकर जायजा लिया, तो ग्रामीण रामरतन नेताम, चमार सिंह सोरी, बुधियारिन बाई, डुमेश्वरी नेताम, हेमलता नेताम ने बताया कि बिजली लग जाने से गांव के लोग भारी खुश है और मुख्यमंत्री के प्रति ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति ग्रामीणों ने जताया आभार, कहा लालटेन युग से मिली मुक्ति

### जंगल के भीतर होने के कारण हमेशा जीव जन्तुओं का भय बना रहता है

गोबरा के केबडीझोरखी नदी किनारे और जंगल के भीतर होने के कारण हमेशा वन्य प्राणियों का खतरा बना रहता है और यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्र में माना जाता है, यहा कक्षा सातवी की छात्र भूमिका नेताम ने बताया कि पहले लालटेन की रौशनी में पढाई करने मजबूर हो रहे थे अब बिजली लग जाने से आसानी से पढाई, लिखाई रात को कर सकते है साथ ही इस ग्राम के लोग वनोपज संग्रहण कर बांस बर्तन बनाकर जीविकाउपार्जन करते है, बिजली लग जाने से अब रात के समय भी बांस बर्तन घर में आसानी से बना सकते हैं।









### क्या कहते हैं अधिकारी

मैनपुर बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया कि गोबरा में जब बिजली लगी, उसी समय से इस गांव में बिजली लगाने की योजना थी। अब गांव में बिजली पहुंच गई है। ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है और आसपास के पाराटोला में जल्द बिजली लगाने का कार्य पूरा हो जायेगा।

## खबर संक्षेप

### 21 अप्रैल तक चलेगा शिशु संरक्षण माह



**राजिम।** नगर में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ जीवन दीप समिति क सदस्य छाया राही, सोमनाथ पटेल, पार्षद सुरेश पटेल, बलराम यादव, पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू, यशवंत निराला ने बच्चों को विटामिन ए पिलाकर व आयरन सिरप वितरण कर किया। मालूम हो कि 17 मार्च से 21 अप्रैल तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 13320 बच्चों को विटामिन ए व 14212 बच्चों को आयरन सिरप पिलाया जाएगा। वहीं 6 माह से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आयरन सिरप दिया जाएगा। 9 माह से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए का सिरप पिलाया जाएगा। यह कार्यक्रम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में चलेगा। बताया गया है कि विटामिन ए का डोज ,आयरन सिरप बच्चों में होने वाले कुपोषण एनीमिया को दूर कर बच्चों को चुस्त तंदुरुस्त बनाता है साथ ही विटामिन ए बच्चों में होने वाले रतौंधी रोग से रक्षा करता है। बच्चों की नेत्र ज्योति को बढ़ाता है। इस दौरान टीकाकरण और गर्भवती माताओं की जांच भी की जाएगी।

### भैंसातरा में चार दिवसीय सतगुरु कबीर सत्संग समारोह एक अप्रैल से

**राजिम।** भैंसातरा में 1 से 4 अप्रैल तक चार दिवसीय सतगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन सर्व कबीरपंथी एवं ग्रामवासियों के द्वारा किया जाएगा। आयोजन कन्हैया दास शास्त्री साहब सतगुरु कबीर ज्ञान आश्रम डभरा के सानिध्य में होगा। जानकारी देते हुए कबीरपंथी समाज के गोकुलदास,टेसमणि साहू,गोपाल साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में दूर-दूर से संत पहुंचेंगे। जिसमें महंतश्री टकसार साहेब मतखरोरा, संतश्री दीनबंधु साहेब बाराडेरा तुलसी, संतश्री शांतिदास साहेब (चम्पारण),संतश्री डॉ. चेतन साहेब (दिल्ली),संतश्री मुनिन्द्र साहेब (दिल्ली),संतश्री योगेन्द्र साहेब (गुजरात),संतश्री निर्मोहीदास साहेब (बनारस) आदि शामिल हैं। आयोजन के लिए तैयारी जोर-जोर से की जा रही है। आयोजन में बड़ी संख्या में कबीरपंथी सम्मिलित होंगे।

### पुलिस विभाग में कई आरक्षकों का स्थानांतरण

**गरियाबंद।** पुलिस अधीक्षक ने 18 मार्च को प्रशासनिक आधार पर तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के तहत जिले में पदस्थ कई प्रधान आरक्षक और आरक्षकों को आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से नई पदस्थापना दी गई है। जारी आदेश के अनुसार मुकेश टोप्पो, कुमार ध्रुव, कविंद्र कुमार सिन्हा, चुमेश्वर ध्रुव, विरेन्द्र कुमार पटेल, अनिल कुमार पांडे और कोमल प्रसाद सहित अन्य कर्मचारियों के कार्यस्थल में बदलाव किया गया है। इन्हें थाना पाण्डुका, मैनपुर, शोभा, पीपरछेड़ी, बिन्द्रानवागढ़ चौकी तथा यातायात शाखा में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर आमद दें। आदेश की प्रति पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज सहित जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भावा में एक महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया हीराबाई ध्रुव ने बताया कि 17 मार्च को 11 बजे वह अपने घर के सामने लेखू ध्रुव के घर के बाहर परछी में बैठी थी।

## पुलिस की सक्रियता पर जताया भरोसा, ग्रामीणों को अब सामान्य जनजीवन की उम्मीद

# दुतकैया अब शांति की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम दुतकैया जो कुछ समय पहले तक तनाव और अशांति का केंद्र बन गया था, अब धीरे-धीरे शांति की राह पर लौटता दिखाई दे रहा है। पुलिस की सतत निगरानी, समयबद्ध कार्रवाई और सामुदायिक संवाद की पहल ने गांव में फिर से विश्वास और सौहार्द्र का माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यहां सभी जाति, समुदाय के लोग आपस में बहुत ही स्नेह, प्रेम और सदभावना के साथ समरसता के वातावरण में रहते चले आए हैं लेकिन यहां हुई एक घटना ने गांव में किंचित तनाव पैदा कर दिया। बात पिछले वर्ष 30 अप्रैल-1 मई की दरमियानी रात की है। जब तालाब में स्थित शिवलिंग की तोड़फोड़ रात के अंधेरे में कुछ बदमाशों ने कर दी थी।

सुबह लोग जब तालाब गए तो इसे देखकर आक्रोशित हुए क्योंकि इस घटना ने धार्मिक भावना को आहत पहुंचाया। पुलिस में रिपोर्ट की गई। राजिम पुलिस के टीआई अमृतलाल साहू ने इस रिपोर्ट को न केवल काफी गंभीरता से लिया बल्कि शिवलिंग के तोड़फोड़ में जिन तीन बदमाशों का हाथ रहा है उसे नागपुर से गिरफ्तार कर जेल भी भेजा। ये तीनों बदमाश गांव के राजू खान उम्र 45, नसरुद्दीन खान 26 और मदार खान 50 वर्ष है, जिनके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई कर गांव एवं क्षेत्र से उन्हें दूर रखा गया। ईधर ग्रामीणों ने नया शिवलिंग लाकर पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच पुनः स्थापित कराया। गांव का माहौल पहले की भांति सामान्य हो गया। ईद, दीपावली व दीगर पर्व भाईचारे के साथ मनाये जाने लगे। इस तरह पूरे नौ महीने गांव शांत रहा। इस बीच तीनों बदमाश जेल से छूटकर आए। एकाएक 31 जनवरी को सफेद रंग की कार में एक बदमाश अपने दो बाहरी साथियों के साथ रात दो बजे गांव पहुंचा। यहां वे बिजली विभाग के सब स्टेशन पहुंचे। वहां घुसकर कर्मचारी से मारपीट किए और दो सौ रूपए व मोबाईल लूट की घटना को अंजाम दिया, परंतु इस घटना की रिपोर्ट पीड़ित कर्मचारी ने न तो पुलिस थाने में की और न ही पुलिस को फोन से बताया। ठीक 1 फरवरी को राजिम कुंभ कल्प मेला की शुरूआत होना था।

राज्यपाल रमेन डेका का आगमन शुभारंभ के लिए तय था। लिहाजा राजिम पुलिस महामहिम की सुरक्षा व कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए थे। 1 फरवरी का दिन दुतकैया के लिए दुर्भाग्यपूर्ण माना जा सकता है क्योंकि इन बदमाशों ने रंजिश रखते हुए गांव के कुछेक युवाओं के साथ मारपीट, गाली-गलौच करते हुए भाग निकले।



असामाजिक तत्वों ने तालाब स्थित शिवलिंग में की थी तोड़फोड़

### पुलिस और जनता के बीच समन्वय से टाला जा सकता है संकट

बदमाशों के द्वारा किए गए अचानक इन हरकतों पर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और गांव में तनाव की स्थिति बन गई। तब तक ईधर राजिम मुख्यालय में महामहिम राज्यपाल का आगमन हो गया और कार्यक्रम की शुरूआत हो गई। इस बीच पुलिस को खबर मिली कि गांव का माहौल खराब हो चुका है। राजिम टीआई अमृतलाल साहू बिना देर किए कार्यक्रम को छोड़कर गरियाबंद एसडीओपी के साथ बल लेकर दुतकैया पहुंचे। स्थिति बेहद तनावपूर्ण देखी गई। पुलिस फोर्स ने पूरे गांव में मार्च किया और कुछेक ऐसे परिवारों की जान बचाई जो सांसत में पड़े हुए थे। कैसे भी करके इन्हें अन्यत्र रवाना किया गया। उसके बाद पुलिस की टीम पूरे महीने भर तक शांति बहाली के लिए गांव में डेरा डाला रहा। देखने वाली बात यहां यह रही कि 31 जनवरी की रात जिन तीन बदमाशों ने बिजली सब स्टेशन में लूटपाट, मारपीट किए थे यदि इसकी रिपोर्ट त्वरित रूप से की जाती तो शायद 1 फरवरी की घटना नही होती। बहरहाल 1 फरवरी को इस घटना को अंजाम देने वाले तीनों बदमाशों को पुलिस ने टिकरापारा रायपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करने में उसी दिन सफलता पा ली थी। मालूम हो कि गरियाबंद एसपी वेदव्रत सिरमौर के मार्गदर्शन में राजिम पुलिस लगातार दुतकैया में शांति बहाल करने का प्रयास कर रही है। ग्रामीणों के साथ संवाद, सतत निगरानी और विश्वास बहाली की पहल जारी है। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि अब गाँव में धीरे-धीरे सामान्य स्थिति लौट रही है और लोग फिर से अपने दैनिक जीवन में व्यस्त हो रहे हैं। दुतकैया की यह कहानी केवल एक गाँव की नहीं, बल्कि यह संदेश देती है कि संवेदनशील परिस्थितियों में प्रशासन की तत्परता, निष्पक्षता और संवाद ही शांति की कुंजी है। पुलिस और जनता के बीच समन्वय से ही किसी भी संकट को टाला जा सकता है। उम्मीद है कि आने वाले समय में दुतकैया पूरी तरह से सामान्य स्थिति में लौटेगा और फिर से शांति, सौहार्द्र और विकास का उदाहरण बनेगा।

# लागू हो मोदी की गारंटी, शासकीय सेवकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर आज प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत मैनपुर तहसील मुख्यालय में शासकीय सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरी। भोजन अवकाश के दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी एकत्रित हुए और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक मुकेश साहू ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान 'मोदी की गारंटी' के तहत कर्मचारियों से जो वादे किए गए थे, उन्हें अब तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को विश्वास दिलाया गया था कि ये घोषणाएं 'भीष्म प्रतिज्ञा' की तरह अटल हैं, लेकिन अब तारीख दर तारीख टलने से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों में घोर असंतोष और आक्रोश व्याप्त है।

ज्ञापन में 11 सूत्रीय मांगों का उल्लेख किया गया है, जिनमें मुख्य रूप से विगत कई दशकों से लंबित वेतन विसंगति का निराकरण, संविदा प्रथा को समाप्त कर नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करना, दैनिक वेतन भोगी और एनएचएम कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करना, मनोज पिंगुआ कमेटी की सिफारिशों को सार्वजनिक कर तत्काल लागू करना शामिल हैं।

आंदोलन में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ और विभिन्न विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारी शामिल रहे। कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार जल्द ठोस कदम नहीं उठाती, तो वे अदालत का दरवाजा खटखटाने और आंदोलन को उग्र करने के लिए मजबूर होंगे।

# मानवीय पहल, घायल गौमाता का आधी रात कराया इलाज

**नवापारा-राजिम।** क्षेत्र में गौसेवा का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। गौमाता के घायल होने की सूचना मिलते ही सतनामी समाज के युवा अध्यक्ष लल्ला सोनवानी रात करीब 11 बजे अपने घर से तत्काल निकल पड़े और मौके पर पहुंचकर मानवता का परिचय दिया।



मिली जानकारी के अनुसार, रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने किसी अज्ञात वाहन ने एक गाय को ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही लल्ला सोनवानी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए पशु चिकित्सा विभाग के सेवानिवृत्त डॉक्टर को फोन कर बुलाया। डॉक्टर भी तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल गौमाता का उपचार किया। ठीक इसी तरह रायपुर मार्ग पर ग्राम कुर्रा के पास भी एक गाय को किसी तेज रफ्तार बड़े वाहन ने टक्कर मार दी थी। गौ माता सड़क के ऊपर पड़ी थी इसका भी इलाज कराके वे गौ माता को किनारे कर उसे सुरक्षित स्थान पर रखवाया। गौसेवा में तत्पर सतनामी समाज के युवा अध्यक्ष लल्ला सोनवानी ने कहा कि तेज रफ्तार से दौड़ रहे भारी वाहनों के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कहा कि तेज गति से चलने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए और उनकी रफ्तार पर नियंत्रण लगाया जाए, ताकि ऐसे हादसों पर रोक लग सके। श्री सोनवानी द्वारा किए गए इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है और लोगों ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है। मालूम हो कि रायपुर मार्ग पर ही तीन दिन पहले एक निजी अस्पताल के सामने बुड़ेनी गांव के 26 साल के एक नवयुवक की मौत हाइवा की चपेट में आने से हो गई थी। बता दें कि इन दिनो शहर के भीतर से चौतरफा रेत से भरी हाइवा तेज रफ्तार से गुजर रही है। अंधाधुंध रफ्तार के कारण इस तरह की घटनाएं आए दिन हो रही है इस पर नियंत्रण आवश्यक है।

# राजेश बने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव/रसेला

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति से अपनी नई प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। इस नई टीम में गरियाबंद जिले राजेश साहू को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। राजेश साहू के अनुभव, त्याग और संघ के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को देखते हुए संगठन ने उन्हें इस बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।



राजेश साहू का राजनीतिक सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। संघ के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने के साथ-साथ वे अपने शांत और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। उनकी सक्रियता और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ के कारण ही वे पूर्व में जिला पंचायत सभापति और भाजपा जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर संगठन को मजबूती प्रदान कर चुके हैं। पार्टी के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए ही शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें अब प्रदेश स्तर पर नई भूमिका दी है।

अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजेश साहू ने राष्ट्रीय नेतृत्व सहित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव व विजय शर्मा, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल और संगठन महामंत्री अजय जम्वाल व पवन साय के प्रति आभार प्रकट किया है।

उन्होंने कहा, संगठन ने जब भी मुझे कोई जिम्मेदारी सौंपी है, मैंने उसे अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचने के अवसर के रूप में देखा है। प्रदेश नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरते हुए मैं पूरी निष्ठा के साथ गरियाबंद जिले को प्रदेश की राजनीति में नई पहचान दिलाने और भाजपा को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए कार्य करूंगा।

# प्राथमिक शाला रजनकटा से वेदांत का नवोदय में चयन



**पांडुका।** गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रजनकटा के एक छात्र ने अपनी प्रतिभा के दम पर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। प्राथमिक शाला रजनकटा के कक्षा पांचवीं के छात्र वेदांत कुमार साहू आत्मज स्व. गुलशन साहू ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 92.50% अंक प्राप्त कर चयन सूची में अपनी जगह बनाई है। वेदांत ने न केवल स्कूल का मान बढ़ाया, बल्कि पूरे गरियाबंद जिले की मेरिट सूची में 11वां स्थान प्राप्त किया है। खास बात यह है कि शिक्षा के प्रति इस परिवार का समर्पण अद्वितीय है, पिछले वर्ष ही वेदांत की बड़ी बहन धनेश्वरी साहू का भी चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ था। पिता के साये के बिना भी दोनों बच्चों की इस सफलता ने ग्रामीणों को भावुक और गौरवान्वित कर दिया है। प्राथमिक शाला रजनकटा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है। वेदांत की सफलता में शाला की प्रधान पाठिका धनेश्वरी मुरचुलिया सहित शिक्षक मानिक राम साहू, ताम्रध्वज साहू, गोदावरी साहू और रामलाल केवट का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही, जेएनवी ऑनलाइन क्लास कवर्धा घनश्याम यादव, गोपाल साहू और सृजन संस्कार ऑनलाइन क्लास महासमुंद से मिले मार्गदर्शन ने उसकी तैयारी को मजबूती दी। हीरालाल साहू, श्रवण साहू, वेद प्रकाश यादव और लक्ष्मीकांत यादव सहित समस्त ग्रामीणों ने चयनित छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई दी है।

### आईपीएचएस के छह छात्रों का नवोदय में चयन

**छुरा।** ग्राम तुमगांव में स्थित इंडियन पब्लिक हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत साबित करते हुए सत्र 2026-27 के लिए नवोदय विद्यालय के छह छात्रों ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है।



सत्र 2018-19 से लेकर सत्र 2025-26 तक कुल 30 विद्यार्थियों ने अपनी काबीलियत साबित किया है। इसके अलावा तकरीबन 15 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल परीक्षा और प्रयास स्कूल परीक्षा जैसे अन्य प्रतिस्पर्धक परीक्षा उत्तीर्ण की है।सत्र 2026-27 के लिए जिन्होंने अपनी ख्याति से पूरे स्कूल का नाम रोशन किया है, उनमें तनुजा सोरी पिता तिलक राम सोरी, वैष्णवी साहू पिता तरुण कुमार साहू, वेदांश ध्रुव पिता जितेंद्र कुमार ध्रुव, झावेश साहू पिता लालजी साहू, किंजल दिवान पिता जगदीप राम दिवान, गीतिका ध्रुव पिता श्री माखन लाल ध्रुव हैं। विद्यार्थियों की इस कामयाबी पर सभी पालकगणों ने बच्चों को बधाई दी है। स्कूल संचालक द्वारा इस उपलब्धि पर बच्चों और पालकों को शुभकामनाएं प्रेषित किया गया हैं विद्यालय परिवार से प्रीतम साहू संस्था प्रमुख, रेवेंद्र दीक्षित एचओडी, शशि तिवारी प्राचार्य, प्राची साहू विद्यालय प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगला राजपूत, मनोज साहू, यमुना नेताम, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंदी साहू, नाहिद खान, मुस्कान चंद्राकर, सिमरन बानो, मोनिका यादव, कन्हैया सोनवानी, मोहेंद्र ध्रुव आदि ने हर्ष जताया।

## राम की भक्ति और मानस के पावन श्लोकों से गूंजता रहा गांव

# श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन का समापन, राममय हुआ जमाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शिवशम्भू महिला समूह जमाही के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन 16 मार्च की रात 10 बजे तक भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। 14 से 16 मार्च तक चले इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ने पूरे गाँव का माहौल राममय रहा।

समापन समारोह में दर्शकों एवं आयोजन से जुड़े सभी लोग भक्ति-संगीत के सुरों में झूमते नजर आए, जिससे कार्यक्रम स्थल पर एक अद्भुत आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण बन गया। विगत तीन दिनों तक गाँव का परिवेश पूरी तरह से भगवान राम की भक्ति और मानस के पावन श्लोकों से गूंजता रहा। कार्यक्रम के मंच संचालन की जिम्मेदारी आशाकांत रजक ने निभाई। तीनों दिनों के कार्यक्रमों में विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत कर सम्मान बढ़ाया। प्रथम दिन प्रेमीन मिथलेश ध्रुव जनपद सदस्य एवं रामजी सिन्हा सेवानिवृत्त अधिकारी उपस्थित रहे। दूसरे दिन इंद्रजीत महाड़िक जिला पंचायत सदस्य, गजेश्वर सिन्हा उपसरपंच तथा डी.आर. सिन्हा सेवानिवृत्त शिक्षक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिनका शाल, श्रीफल व मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया।



### सभी का रहा सहयोग

इस सफल आयोजन के पीछे आयोजक समिति के सदस्यों एवं समस्त ग्रामवासियों का पूर्ण सहयोग रहा। आयोजक समिति के अध्यक्ष उमा नागरची, सचिव अनुसुइया ध्रुव तथा सीमा ध्रुव, भूनेश्वरी ध्रुव, नंदननी ध्रुव, इरामीन ध्रुव, टगेंश्वरी कंवर, द्रोपती यादव, बसंता, खोमिन, परमेश्वर गंधर्व, परमेश्वर दिवान, मुकेश ध्रुव, जगदीश ध्रुव, जगत, ताराचंद साहू सहित सभी ग्रामवासियों ने मिलकर इस आयोजन को सुनिश्चित किया।

